# मां ने पैसे के लालच में कराई थी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट : टीआई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुरुवार को गुलाबी गैंग की कमांडर पूर्णिमा वर्मा द्वारा एक सनसनीखेज प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, इसमें उन्होंने एक युवती को 13 दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए सात लोगों के नाम सार्वजनिक किए। साथ ही पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

मामला जब पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के संज्ञान में आया तो उन्होंने तत्काल देहात थाना निरीक्षक जी.एस. राजपूत को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस की टीम ने मात्र 24 घंटे में जांच कर इस पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने ला दी जो बेहद चौंकाने वाली थी।

**शादी को बताया गया बंधक बनाकर रेप**

जांच में पता चला कि जिस युवती को कथित रूप से बंधक बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया गया था, उसने खुद शहर के षष्ठी माता मंदिर में सुनील कंटक नामक युवक से विवाह किया था। पुलिस ने शादी की फोटो और वीडियो भी बरामद किए हैं। इस दौरान युवती बेहद खुश नजर आ रही थी।

विवाह कराने वाले पंडित ने भी पुलिस को पुष्टि करते हुए कहा कि यह शादी आपसी सहमति से हुई थी, युवती की ओर से किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या प्रतिरोध का संकेत नहीं मिला। उनके साथ कुछ और लोग भी मौजूद थे।

**युवती के बयान से सुलझा मामला**

सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब युवती ने खुद बयान दिया कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसने कहा मैंने अपनी मर्जी से सुनील से शादी की है। मेरी मां ने रुपए के लालच में थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई। मुझे खुद थाने लेकर गई थी।

**गुलाबी गैंग कमांडर और गोंडवाना पार्टी अध्यक्ष पर हो सकती है कार्रवाई**

इस पूरे प्रकरण में गुलाबी गैंग की कमांडर पूर्णिमा वर्मा द्वारा बिना किसी ठोस साक्ष्य के पत्रकार वार्ता कर पुलिस पर झूठे आरोप लगाए गए जिससे बेगुनाह लोगों की भी छवि धूमिल हुई है साथ ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अध्यक्ष देव रावेन भलावी द्वारा ऐसे संवेदनशील मामले को बिना तथ्य के सार्वजनिक करने के मामले मे अब इस मामले में जांच पूरी होने के बाद उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

साथ ही जिन लोगों के नाम सार्वजनिक रूप से उजागर किए गए थे वे अब मानहानि का दावा करने की तैयारी में हैं।

**पैसे की मांग भी आई सामने**

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि कथित शिकायत के पीछे आर्थिक लेनदेन की मांग जुड़ी हुई थी। एक साजिश के तहत युवाओं को फर्जी तरीके से आरोपी बनाकर पैसे ऐंठने का प्रयास किया गया।

# तेंदुआ का पांढुर्ना में किया गया अंतिम संस्कार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 19 जून 25 को एक बन्यजीव तेन्दुआ (मादा) की मुत्यु की घटना जिसका स्थल एन.एच.-47 भोपाल-नागपुर पर एन.एच.ए.आई. ओरियन्टल रेस्ट हाउस मोही जलाशय पांढुर्ना वनपरिक्षेत्र पांढुर्ना के अतर्गत प्रकाश में आई, जिस पर एन.टी.सी., नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अनिकाक माध्यप्रदेश भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग (स्वान) की सहायता से घटना स्थल एवम् उसके आसपास छानबीन की कार्यवाही की गई।

पोस्टमार्टग विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों डॉ. गोविदा, पूर्व सोनिया परते, एवं डॉ. नितेश सूर्यवंशी के द्वारा पोस्ट मार्टम किया गया है। वन्यजीव तेन्दुआ (मादा) के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये है।

निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह की कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारी सहित लक्ष्मीकांत वासनिक वनमंडलाधिकारी पांढुर्ना वनमंडल, अनादि बुधोलिया उपवन मंडलाधिकारी पांढुर्ना, विनय प्रकाश ठाकुर तहसीलदार पांढुर्ना रवि महाले उपसंरपच माठई, अतिश उरकुडे एन.टी.सी.ए. प्रतिनिधी, प्रभुराम मुछाला वन्नपरिक्षेत्र अधिकारी पांढुर्ना व अन्य की उपस्थिती में की गई।

उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण कमांक 1940/50 दिनांक 19 जून 25 दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

बता दें कि इसके पूर्व दुर्घटना में एक शेर का भी अंत हुआ था जहां डॉ. अंकित मेश्राम ने उसका पोस्ट मार्टम किया था और अधिकारियों ने टीम बनाकर अंतिम संस्कार किया था तब दक्षिण वन मण्डल के आधीन पांढुर्ना हुआ करता था। इस तरह शेर एवं तेंदुए को मिलाकर दुर्घटना में मौत होने की एनएचआई में यह दूसरी घटना है। हालाकि एनएचआई में कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई है ताकि वन्य प्राणियों की सुरक्षा की जा सके।

सार समाचार

## नगर पालिका से कीमती सामानों की हो रही लगातार चोरी, विधायक ने लिखा एसडीएम को पत्र

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परासिया से लगातार कीमती सामान चोरी हो रहा है। अध्यक्ष के कमरे में लगी कीमती 65 इंच एलईडी टीवी के 2 साल से गायब होने का मामला जमकर गर्माया हुआ है। वहीं अब सोयाबीन, पनीर बनाने की मशीन के लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत की सामग्री चोरी होने की जानकारी सामने आई है। इस मामले को लेकर विधायक सोहन वाल्मीकि ने शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र लिखकर जांच कार्यवाही के बारे में कहा है।

विधायक ने पत्र में कहा है कि महिलाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए वेकोलि के पेंच क्षेत्र के द्वारा सीएसआर मद से सोयाबीन, पनीर बनाने के लिए नगर पालिका परासिया को मशीन दी गई थी। मशीन को इंस्टॉल करने के बाद गरीब महिलाओं को रोजगार देने की योजना थी। लेकिन जब मशीन को इंस्टॉल करने का समय आया और नगर पालिका के स्टोर से जब मशीन निकाली गई तो वह पूरी नहीं थी। उसमें से बहुत सी सामग्री गायब थी, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपए है।

विधायक ने पत्र में आगे लिखा है कि पता करने पर बताया गया कि मशीन की सामग्री चोरी हो गई है। विधायक का कहना है कि उन्होंने इस बारे में पूर्व में दो बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। लेकिन मामले में अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है। इसके अलावा एक पार्षद के द्वारा गत 15 मई को जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर नगर पालिका परासिया से दो अलमारी, एक ऑफिस टेबल एवं चार कुर्सी के अलावा अन्य सामग्री भी नगर पालिका में नहीं होने की शिकायत की गई है।

## तारिणी पंजाबी सेवा समिति ने माध्यमिक शाला मेढ़कीताल का भ्रमण किया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तारिणी पंजाबी सेवा समिति छिंदवाड़ा नें ज 20 जून 25 को एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, मेंढकी ताल का विजिट किया।

साठ बच्चों को स्कूल बैग, फुटबॉल एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। प्राचार्य एस.के. वर्मा के अनुरोध पर चार सीलिंग फैन भी बच्चों की कक्षाओं में लगाने हेतु प्रदान किए गए। इस कार्य में समिति के सभी सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। इस कार्य हेतु अनीता घई, निर्मला घेई, गीता साहनी, सविता राजपूत, स्वीटी मैद, निर्मल शर्मा, दीपा तनेजा, रेणु चड्ढा, रानी भुई एवं दीप्ति मांगो ने सेवाभाव से सहयोग दिया। स्टाफ सदस्यों में प्राचार्य एस.के. वर्मा, सूर्यवंशी, मालवी, टांडेकर एवं अन्य ने उल्लास पूर्वक समिति सदस्यों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। बच्चे सामग्री प्राप्त कर बहुत आनंदित हुए।बता दें कि यह समूह समय समय पर सामाजिक कार्यो के साथ साथ खेलकूद और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है और इसमें महिलाऐं, बच्चें तो शामिल होते ही है समाजसेवी और पुरूष वर्ग को भी सेवाभाव के लिए सम्मिलित किया जाता है।


## उड़न दस्तों का किया गठन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का कृषि आदान उर्वरक/ बीज व कीटनाशक सुनिश्चित कराने और किसानों के अनुसार उर्वरकों का औद्योगिक एवं गैर कृषि कार्यों में उपयोग कालाबाजारी, अवैध भंडारण व परिवहन रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर शीतला पटले ने उड़नदस्ता दल गठित किया है और आवश्यक निर्देश दिये हैं।

# जिलास्तरीय पर्यटन क्विज एक अगस्त को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन छिंदवाड़ा जिले के कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में एक अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण एक अगस्त को जिला स्तर पर तथा दूसरा चरण छब्बीस सितंबर को राज्य स्तर पर भोपाल में संपन्न होगा।

## मप्र के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे विद्यार्थी



आयोजन की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने बताया कि प्रतियोगिता कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए 25 जून से ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ होंगे, जिसकी अंतिम तिथि 18 जुलाई को शाम 5:30 बजे तक होगी। ऑनलाइन पंजीयन की लिंक म.प्र. पर्यटन बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने प्रतियोगिता की तैयारी प्रारंभ कर दी है।

गौरतलब है कि प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराएं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताएं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से विद्यार्थियों को परिचित कराने और पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत, म.प्र. बोर्ड, सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई. बोर्ड से संबंधित विद्यालयों के विद्यार्थियों का 25 जून से ऑनलाइन द्वारा पंजीयन किया जाएगा।

पंजीयन करने का दायित्व संस्था प्राचार्य का होगा, जो अपने विद्यालय से चयनित तीन विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन करेंगे। जिला स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता टीमों को तीन दिन और दो रात्रि तथा चतुर्थ, पंचम एवं षष्टम स्थान पर आने वाली तीन उपविजेता टीमों को दो दिन और एक रात्रि म.प्र. पर्यटन बोर्ड की होटलों में वातानुकूलित कक्ष में ठहरने संबंधी कूपन प्रदान किए जाएंगे और म.प्र. के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# गायत्री मार्केट में रोज लगता है जाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के फव्वारा चौक से कलेक्ट्रेट और तहसील की ओर जाने वाला मार्ग गायत्री मार्केट है यहां प्रत्येक दिन जाम लगता है।




अतिक्रमण हटाने के बावजूद सब्जी, फल, जूते चप्पल बेचने वाले बैठ जाते है तो वहीं दूसरी ओर स्टेशनरी की दुकान हे।

विद्यार्थी कॉपी किताबें लेने के लिए पहुंचते है और दो पहिया वाहन खड़े करते है तब दूसरी ओर अतिक्रमणकारी बैठे होते है तब वहां से फोर व्हीलर, टू व्हीलर वाहन निकलना मुश्किल हो जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है।

यहां पर एम.एल.बी. और उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र, छात्राऐं भी निकलते है छुट्टी होने के बाद उन्हें भी परेशानियों का सामना करना होता है।

## मूंग का पंजीयन नहीं करा पा रहे किसान, पोर्टल पर गिरदावरी भी अपडेट नहीं

**गाडरवारा, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर मूंग-उड़द के पंजीयन का काम बुरी तरह से प्रभावित है। पोर्टल पर गिरदावरी के अपडेट नहीं होने के कारण किसान परेशान हैं। गुरुवार से मूंग-उड़द के पंजीयन का काम शुरू हो गया है। किंतु पंजीयन ना होने से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। इसका प्रमुख कारण पोर्टल पर गिरदावरी अपडेट न होना बताया जाता है। मप्र शासन द्वारा इसके लिए पोर्टल बनवाया गया था। जिसमें सभी किसान अपनी फसल का पंजीयन कराते थे, लेकिन पोर्टल नहीं खुलने के कारण अपनी फसल का पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। इसके कारण उनकी फसल एमएसपी की दर से नहीं बिक पाएगी। किसानों ने जल्द ही पोर्टल को यथावत खुलवाकर उनकी फसल का पंजीयन कराने की मांग की।



# सक्षम के स्थापना दिवस पर 51 ने किया रक्तदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 20 जून के शुभ दिन सामाजिक संस्था सक्षम ने अपना स्थापना दिवस नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर मनाया।



यह शिविर पहलगांव हमले में शहीद हुए मां भारती के लाल एवं भारतीय सेना के जवानों को समर्पित रहा जिसमें जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक एवं आधार फाउंडेशन के विशेष सहयोग से 51 रक्तवीरों ने रक्तदान कर सभी को नमन किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नपानि महापौर विक्रम अहाके के साथ सभापति मनोज कुशवाह, इंजीनियर पराग जैन सम्मिलित हुए एवं अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक नपानि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की, जिनका आधार की संचालिका सरिता पांडे एवं सक्षम के जिलाध्यक्ष महेश किन्थ ने शॉल, श्रीफल एवं तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुशल मंच संचालिका श्रीमती वंशिका जैन द्वारा किया गया जिसकी सभी ने सराहना की।

सभी रक्तवीरों का अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया एवं उनके द्वारा किए गए स्वैच्छिक रक्तदान की सराहना कर उनका आभार माना। आपको बता दें यह 51 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती सिकलसेल के रोगियों एवं नवजात शिशुओं के उपचार हेतु उपयोग में लाया जाएगा जिसकी महापौर विक्रम अहाके एवं कार्यक्रम अध्यक्ष समाज सेवी दीपक राज जैन ने सराहना की।

इसका मिलासहयोग

यादगार रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक से डॉ. बी.पी. गौतम पैथोलोजिस्ट, अविकांत बेले काउन्सलर, गीता राय स्टॉफनर्स, राहुल, ऋषि, हितेंद्र कुकड़े, जितेन्द्र निम्बालकर एवं मोहित के साथ आधार परिवार से बिंदु यादव, सुमित्रा पवार, अनीता भलावी, सोनाली पवार, मीना सरयाम, शकुंतला वर्मा, अर्पना भारत, अविनाश गौतम, सत्यम किन्थ, ममता कुमरे, उषा डेहरिया, ओम प्रकाश का विशेष सहयोग रहा ओर सभी ने रक्तदान भी किया।

# सिहोरामाल के रामेश्वरमधाम में हुआ पौधरोपण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छायादार, फलदार एवं अन्य प्रजातियों के पौधे लगाना पुण्य का कार्य है इससे जहां पर्यावरण सुरक्षित रहता है तो वहीं आने वाली पीढ़ी को छाया, फल और ईमारती लकड़ी जैसे उपलब्धता होती है। यह कहना है समाजसेवी नरेन्द्र कुमार साहू का।प्रत्येक वर्ष जैसे वर्षाकाल की शुरूआत होती है वैसे न केवल पौधे लगाने का कार्य शुरू करते है अपितु लॉन में तैयार पौधों को जो भी व्यक्ति मांगने आता है उसे नि:शुल्क प्रदाय किया जाता है किन्तु उन्होंने एक शर्त रखी है कि पौधा ऐसे स्थान पर रोपा जाऐं जिसकी सुरक्षा हो सके, केवल तस्वीर खीचाकर पौधा रोपण करना है तो पौधे नहीं मिलेंगे।



19 जून की रात्रि हुई वर्षा के चलते नरेन्द्र कुमार साहू और उनकी टीम ने सिवनी रोड स्थित सिहोरामाल ग्राम में निर्मित श्रीरामेश्वर धाम परिसर में पहुंचे और वहां सैकड़ों पौधों का रोपण किया ताकि आने वाले समय में धाम के आसपास हरियाली हो सके। इस पौधारोपण में सर्वश्री नरेन्द्र साहू, टी.एल. साहू, प्रदीप चौधरी, रमेश साहू, शिवलाल गढ़ेवाल, राममोहन साहू, अरूण साहू, मुकेश जगदेव, किशोर पवार, श्री विश्वकर्मा, अजय पराड़कर, आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर आसपास के नागरिकों एवं टीम के सदस्यों ने गड्ढा खोदने, निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पौधारोपण करने में सहयोग किया इसके लिए समाजसेवी नरेन्द्र कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। बता दें कि नरेन्द्र कुमार साहू औषधी के पौधों का भी विभिन्न स्थानों पर रोपण किया है और आने वाले वर्षो के लिए ऐसे पौधे तैयार कर रहे है तो पूरी तरह औषधी के काम में आते है।

इसके पूर्व गत शुक्रवार को भी लिंगा ग्राम के पास स्थित गाडरवाड़ा में पहुंचकर 101 पौधों का रोपण ओशो आश्रम परिसर में किया गया था जो पौधे अब पूरी तरह सुरक्षित बताए जाते है। समय समय पर नरेन्द्र कुमार साहू और उनकी पूरी टीम लगाऐं गए पौधों के स्थानों को देखने भी पहुंचती है कि लगे हुए पौधे जीवित है अथवा नहीं। यदि किसी कारणवश पौधे सूखे पाऐं गए तो उसे उखाड़कर उस स्थान पर पुनः पौधारोपण कर दिया जाता है जिससे स्थान आने वाले समय में हरा भरा ही रहे खाली स्थान न दिखे, सभी टीम का सहयोग के लिए नरेन्द्र कुमार साहू धन्यवाद ज्ञापित करतेहै।

# पेंच परियोजना से हुई सिंचाई तो बदली किस्मत

## हरनभटा के कृषक छत्रपाल की खेती बनी समृद्धि की पहचान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जहाँ कभी सूखे खेतों में सिर्फ उम्मीदें बोई जाती थीं, आज वहाँ हरियाली लहलहा रही है। यह कहानी है छिंदवाड़ा जिले के विकासखण्ड चौरई के हरनभाटा गांव के किसान छत्रपाल सनोडिया की, जिनकी किस्मत पेंच व्यपवर्तन वृहद परियोजना के जल ने बदल दी है। वर्षों से सिंचाई के अभाव में सीमित उत्पादन पर निर्भर कृषक छत्रपाल आज जमुनिया माइक्रो इरीगेशन सिस्टम की मदद से समृद्ध खेती कर रहे हैं, अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहे हैं और आत्मविश्वास से कहते हैं अब खेती घाटे का सौदा नहीं, भविष्य की बुनियाद है।

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में पेंच व्यपवर्तन वृहद परियोजना के तहत जमुनिया माइक्रो इरीगेशन सिस्टम से उन्हें यह संजीवनी मिली, जिससे उनकी खेती की तस्वीर ही बदल गई। इस परियोजना के तहत उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलने लगा। सरकारी सहायता से स्प्रिंकलर सेट भी लगाया गया, जिससे खेतों में आसानी से सिंचाई होने लगी। इससे न केवल उत्पादन बढ़ा, बल्कि लागत भी घटी और आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

जमुनिया माइक्रो इरीगेशन सिस्टम पेंच व्यपवर्तन वृहद परियोजना का हिस्सा है, जो गुरुत्वीय नहर से वंचित व ऊंचाई पर बसे चौरई विकासखंड के 30 एवं सिवनी विकासखंड के 2 ग्रामों कुल 10300 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई है। यह प्रणाली पाइपलाइन के माध्यम से खेत-खेत तक पानी पहुँचाती है। इसमें किसानों को अपने निजी पंप या बिजली कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती। स्काडा सिस्टम द्वारा पूरा संचालन कम्प्यूटरीकृत है। वर्ष 2023.24 में इस सिस्टम के माध्यम से पूरे कमांड क्षेत्र में रबी की फसल के लिए पानी प्रदाय किया गयाए जिससे हजारों किसानों को सीधा लाभ मिला है।

छत्रपाल जैसे कृषक जो सीमित संसाधनों में जीवन यापन कर रहे थे, उन्हें यह योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रही है। अब वे अपने बच्चों के भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं और आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर खेती को नई दिशा दे रहे हैं।

बता दें कि छिन्दवाड़ा जिले में अब नवाचार का प्रयोग लगातार हो रहा है जिससे किसानों को इससे लाभ हो रहा है। कृषि क्षेत्र में उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह एवं उनकी पूरी टीम तथा जेएनकेवी के वैज्ञानिकों का भी सहयोग मिल रहा है तो वहीं उद्यानिकी के क्षेत्र में उप संचालक एम.एल. उईके और उद्यानिकी कॉलेज का सहयोग मिल

# छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में सिकल सेल को लेकर कार्यशाला आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में विश्व सिकल सेल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे कॉलेज के डीन डॉ. अभय कुमार सिन्हा, अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार जैन एवं वाइस डीन डॉ. विवेकानंद वाघमारे की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया।

महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग, शिशुरोग विभाग एवं मेडिसिन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। पैथोलॉजी विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. प्रीतम खेरकर एवं शिशुरोग विभाग से डॉ. अनीता हरिनखेड़े, सहायक प्राध्यापक एवं मेडिसिन विभाग से डॉ. ज्योति नागवंशी सह प्राध्यापक द्वारा सिकल सेल बीमारी के बारे में कार्यशाला में बताया गया। इस कार्यशाला में डॉ. पवन नंदुरकर विभाग प्रमुख शिशुरोग विभाग, डॉ. विकास रंगारे विभाग प्रमुख मेडिसिन विभाग का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट, इंटर्न एवं एमबीबीएस स्टूडेंट एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### विश्व योग दिवस के अवसर पर माधव स्मृति न्यास करेगा योग अभ्यास का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज विश्व योग दिवस 21 जून के अवसर पर पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाएगा। माधव स्मृति न्यास बरारीपुरा छिंदवाड़ा द्वारा भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज प्रात: 7:00 बजे से माधव स्मृति न्यास भवन, संघ कार्यालय बरारीपुरा छिंदवाड़ा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में नगर के सभी सम्माननीय बंधु एवं मातृशक्ति सादर आमंत्रित हैं। न्यास के अध्यक्ष भजनलाल चोपड़े एवं सभी न्यासियों द्वारा नगर के सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु अपील की गई है।

### छिन्दवाड़ा सांसद ने की शोकाकुल परिवारों से मुलाकात



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों दिवंगत हुए लोगों के घरों में पहुंचकर उनके परिवारजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें शोक संवेदना व्यक्त की।

सांसद श्री साहू ने खुशाल अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती तरूणा अग्रवाल को श्रद्धाजंलि अर्पीत की। वहीं स्वर्गीय कमलेश फूलचंद, स्वर्गीय श्रीमती प्रमिला चांडक को भी श्रद्धाजंलि अर्पीत करने के लिए उनके निवास स्थानों पर पहुंचे। इसी तरह वार्ड नंबर 25 में संजय लोखंडे के निवास स्थान पहुंचकर उनकी भांजी स्वर्गीय स्वाति खंडागड़े एवं वार्ड नंबर 33 वाछला चौधरी के बेटे स्वर्गीय रत्नाकर चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पीत की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, वैश्य महासभा के संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, संजय अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष कुंदन मिगलानी, मोनी राय, विशवेन्द्र बैस सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मोक्षधाम की मोदी वाटिका में सांसद ने लगाया पीपल का पौधा

**तामिया, देशबन्धु।** नगर के मोक्षधाम में स्थित मोदी वाटिका में समाजसेवी युवाओं के आग्रह पर वहां पहुंचकर पीपल का पौधा रोपण किया।



गौरतलब है कि समाजसेवी युवाओं की टीम वर्षभर मोक्षधाम में सक्रिय रहकर वाटिका के पौधों का संरक्षण करती है। इमरान खान ने बताया कि मोदी वाटिका की स्थापना वर्ष 2021 में हुई थी। गत 4 वर्षो से गाव के पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा सतत रूप से इनकी देखरेख की जा रही है। गर्मी के समय भी पानी देने का कार्य हमारे द्वारा किया जाता है। वाटिका के सौंदर्यीकरण, पानी की व्यवस्था, बाउंड्रीवॉल और जगह का विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। हमारी समिति में जय सोनी, प्रिंस डेहरिया, तुषार डेहरिया, पृथ्वी डेहरिया, प्रमोद सूर्यवंशी, प्रफुल्ल परतेती, हर्षित सोनी, गौरव सोनी, नितिन दत्ता, इमरान खान, दीपक साहू, वतन उपाध्याय, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर एस.डी. खरपुसे, नितिन साहू नन्ही संदना टिया दत्ता शामिल रही।

# दस दिनों के लिए बड़ी होम स्टे में मिल रही छूट, पर्यटकों को मिलेगा लाभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है कि छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे के प्रति पर्यटकों के उत्साह और ग्रीष्मकालीन ऑफर को मिले बेहतर रिस्पॉन्स को देखते हुए जिला प्रशासन व पर्यटन बोर्ड द्वारा



इस ऑफर की अवधि और 10 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह ग्रीष्मकालीन ऑफर 20 मई से 20 जून 2025 तक छिंदवाड़ा व पांढुर्णा के पर्यटकों के लिए दिया गया थाए जिसमें पर्यटकों ने एक माह तक बहुत कम दामों में पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे में रहकर ग्रामीण पर्यटन का आनंद उठाया है। उनके उत्साह को देखते हुए ऑफर अवधि बढ़ाकर 30 जून 2025 तक कर दी गई है।

# पीजी कॉलेज के आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस और फिनटेक विथ के विद्यार्थियों को मिली सफलता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ् एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा, आई.आई.टी. दिल्ली एवं मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के 8 एवं फिनटेक विथ ए.आई. कोर्स में 8 विद्यार्थियों अध्ययनरत थे।



आई.आई.टी. दिल्ली द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ् एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। उक्त पाठ्यक्रम का संचालन ऑनलाईन मोड से में आई.आई.दिल्ली के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। ए.आई. एवं ए.आई. विथ फिनटेक में समस्त विद्यार्थियों ने शतप्रतिशत सफलता अर्जित की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा ने नोडल अधिकारी डॉ. बी.के. डेहरिया, सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. नितेन्द्र गौतम के कुशल मार्गदर्शन के लिए एवं समस्त विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत से प्राप्त सफलता के लिए बधाई दी है।

# शहर की प्रतिभाओं को मिल अवसर : सांसद

## प्रमाण पत्र के साथ फ्री डांस समर कैम्प का समापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस जरूरत है उन्हें अवसर प्रदान करने की। प्रतिभाओं को यदि अवसर मिले तो वे अपना हुनर दिखाकर एक मुकाम हासिल कर सकती हैं। फ्री डांस समर कैंप का आयोजन कर शहर में छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। यह बात सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में शुक्रवार को फ्री डांस समर कैंप के समापन अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि महापौर विक्रम अहके की पहल पर इस समर कैंप का आयोजन किया गया जो कि एक सराहनीय पहल है। मैं इसके लिए महापौर का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन में आगे यदि मेरी किसी भी प्रकार की जरूरत हो में हर दम सहयोग के लिए तैयार हूं। इस दौरान बच्चों एवं युवाओं द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। सांसद श्री साहू ने सभी बच्चों और युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

विदित हो कि पाटनी पेट्रोंल पंप के पास मोहबे आर्केड में महापौर विक्रम अहके के द्वारा ऑडिशन डांस एकेडमी के माध्यम से 19 मई से 7 जून तक बच्चों एवं युवाओं के लिए फ्री डांस समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रेंर्नस अक्षय गूरूंग, लक्की माथुरिया, आदित्य टेकाम एवं प्रिया राकेशिया के द्वारा कैंप में आये बच्चों एवं युवाओं को बॉलीवुड, हिप-हॉप, सेमी क्लासिकल, ब्रेकिंग एवं कंटेंपरेरी डांस सिखाया गया।

सांसद कार्यालय में आयोजित फ्री डांस समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर महापौर विक्रम अहके, सभापति जगेन्द्र अल्डक, चंद्रभान देवरे, माइकल पहाड़े, अभिभावकगण सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले को सिकल सेल एनीमिया मुक्त बनाने के लिए सभी भागीदार एकजुट होकर करें : जैन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा द्वारा गत 19 जून 2025 को शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के सभागार में श्विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बाय के शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन कहा कि दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली सिकल सेल एनीमिया, हमारे यहां जनजातीय आबादी को विशेष रूप से प्रभावित करती है। इसके विरुद्ध दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने की दिशा में इस दिवस का मनाया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। जन अभियान परिषद के सभी कार्यकर्ता इस जागरूकता वाले ईश्वरीय कार्य में अपनी पूरी ताकत से लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पी.जी. कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज माहोरे ने कहा की दशकों से हमारे आदिवासी समुदाय और पिछड़े क्षेत्रों में कई लोग सिकल सेल एनीमिया का कष्ट झेलते रहे हैं। बीमारी के एक पौढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रसार को रोकने के लिए समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग जांच द्वारा पहचान कर जैनेटिक काउंसलिंग एवं प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। इसमें हमें लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। कार्यक्रम में समाज सेवी विनोद तिवारी ने सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति दिलाने के लिए समस्या को जड़ से समाप्त करने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मुक्ति मिशन के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित लोगों के लिए एकीकृत उपचार केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां पर रोगियों को आवश्यक औषधियाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। हम ऐसे लोगों को चिन्हित कर जांच में सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर डॉ. लता नागले ने भी सिकल सेल की रोकथाम हेतु जागरूक रहने की आवश्यकता बताई। हमें सिकल सेल एनीमिया मुक्त बनाने के लिए सभी भागीदारों को एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह करती हूं। कार्यक्रम में परामर्श दाता तृप्ति सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एम एस डब्लू, वी एस डब्लू के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# भाजपा सरकार ने क्यों रोका गरीबों का एकमुश्त राशन : नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गरीब कल्याण की खोखली बातों का दम निकल चुका है, गरीब के हाथों में काम नहीं, बैंक खातों में राशि नहीं और थाली में खाना नहीं। यह कैसी जनकल्याण की योजना संचालित करने वाली सरकार है, जिसके पास गरीबों को देने के लिए राशन नहीं है, केवल बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं है। उक्त उदगार जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मई माह तक तीन माह का राशन गरीबों को मिल जाना चाहिए था लेकिन नहीं मिला यह सरकार की थोथी घोषणा और जमीनी हकीकत की सच्चाई है कि भाजपा कहती कुछ है और करती कुछ है।



नकुलनाथ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि हिन्दी की बड़ी प्रसिद्ध कहावत है कि भूखे पेट भजन नहीं होए गोपाला इसका अर्थ है कि भूखे पेट भगवान का भजन नहीं होता और छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना में पात्र परिवार तीन माह से एक मुश्त राशन की आस में है, उसे लग रहा है कि आज नहीं तो कल सरकार राशन देगी, किन्तु आज दिनांक तक अनाज अप्राप्त है। छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना जिले के विकासखण्डों में जून 2025 से अगस्त 2025 तक पात्र परिवारों के लिए राशन मई माह में ही पहुंच जाना था, किन्तु जून माह समाप्त होने को है फिर भी आज दिनांक तक उचित मूल्य की दुकानों तक राशन नहीं पहुंच पाया है।

यह भाजपा सरकार की राशन वितरण प्रणाली में बड़ी गड़बड़ी है। गरीब कल्याण का झूठा ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा अपने गिरेबांन में झांककर देखें कि उनकी सरकार में गरीब को समय पर राशन नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, महिलाओं को सुरक्षा नहीं फिर किस बात की उपलब्धि गिना रही भाजपा। केवल झूठ, लूट और भ्रष्टाचार का बोल बाला है। सबका साथ सबका विकास की बात कर सत्तासीन होने वाली भाजपा ने जनता को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दिया है अब गरीबों को हवा खाकर जिंदा रहने का वरदान भाजपा के द्वारा दिया जा रहा है। भाजपा के जिम्मेदार और प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहें या कुछ और कि पात्र परिवार तीन माह के एक मुश्त राशन से वंचित है। श्री नाथ ने जारी बयान में भाजपा सरकार से कड़े शब्दों में प्रश्न करते हुए कहा कि आखिर तीन माह का एक मुश्त राशन गरीबों में क्यों नहीं बट पा रहा है ?

प्रशासनिक जिम्मेदारों ने आज तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए। सरकार के द्वारा गरीबों को राशन क्यों नहीं दिया जा रहा और दिया जा रहा है तो उसमें कंकड पत्थर क्यों निकल रहे हैं जिसे मवेशी भी नहीं खाएंगे। वितरण केन्द्रों से प्रदान किए जाने वाले गेहूं में लगातार कंकड व पत्थर निकल रहे हैं आखिर सरकार गरीबों को राशन के नाम पर कंकड पत्थर देकर उनकी तौहिन क्यों कर रही है। एक साथ सभी केन्द्रों पर तीन माह का राशन नहीं भेजा जाना राशन वितरण प्रणाली में बड़ी गड़बड़ी की ओर संकेत है।